ACE/22-23/058 11-10-2022

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

(परीक्षा शाखा)

क्रमांक – जनावि/परीक्षा/22/ 39312 दिनांक – 10.10.2022

विज्ञप्ति

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के (JNVU पाठ्यक्रम) वर्ष 2022 की आयोज्य पूरक परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले *केवल बी.ए./ बी.ए. ऑनर्स* (केवल Subsidiary Subject)/बी.कॉम./ *बी.एससी./बीएस.सी (गृहविज्ञान)/बीसी.ए./बी.बी.ए*/.एलएल.बी *(अंतिम वर्ष) के विद्यार्थी (स्वयंपाठी/भूतपूर्व एवं नियमित) जिनके अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम में पूरक परीक्षा आई है* को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वर्ष 2022 की पूरक परीक्षाएँ नवम्बर माह मे आरम्भ होनी प्रस्तावित है। इस हेतु अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jnvu.edu.in पर दिनांक 12.10.2022 की शाम से भर सकते हैं। विभिन्न प्रकार के शुल्क के साथ ऑनलाईन आवेदन करने की तिथियाँ निम्नानुसार होगी –

1.	बिना विलम्ब शुल्क	22 अक्टुबर, 2022 तक।
2.	पचास रूपए विलम्ब शुल्क सहित	29 अक्टुबर, 2022 तक।

परीक्षा शुल्क चालान में अंकित खाते में बैंक ऑफ बड़ौदा/आई.सी.आई.सी.आई बैंक की राजस्थान की किसी भी Core Banking Solution (CBS) शाखा एवं नेट बैंकिंग (डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड) से जमा करवा सकते हैं। आवेदक आवेदन की प्रिन्ट प्रति (Hard Copy) आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित संकाय/महाविद्यालय में परीक्षा शुल्क जमा कराने के *पाँच दिवस* के भीतर जमा करायेंगे। उसके बाद आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नोट–1. जिन परीक्षार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन किया है वे पुनर्मूल्यांकन परिणाम की प्रतीक्षा किए बिना वर्तमान परिणामानुसार अपना परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करें।

2. उक्त पूरक परीक्षा में वर्ष 2022 की परीक्षा में सम्मिलित अंतिम वर्ष के छात्र ही आवेदन कर सकेंगें। अंतिम वर्ष के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं के छात्र पूरक परीक्षा हेतु आवेदन नहीं करें।

3. सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य महोदय को सूचित किया जाता है कि पूरक परीक्षा आवेदनों को ऑनलाईन सत्यापित एवं प्रमाणित कर के 05 नवम्बर,2022 तक परीक्षा शाखा में जमा करवायेगें। यदि आवेदन की हार्ड कॉपी 05 नवम्बर,2022 तक जमा नहीं *होती है तो इस कारण से परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित रहता है तो उसके लिए परीक्षार्थी स्वयं एवं प्राचार्य जिम्मेवार होगें।*

4.सभी नियमित/भूतपूर्व परीक्षार्थी अपने पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड–कॉपी सम्बन्धित संकाय/महाविद्यालय में जमा करवायेगें तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपने पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हॉर्ड–कॉपी पूर्व में मुख्य परीक्षा के परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड–कॉपी जहां जमा करवायी थी उसी संकाय/महाविद्यालय में जमा करवायेगें।

सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे नवीनतम जानकारी की सूचना हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.jnvu.edu.in का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

(प्रो. के. आर. गेनवा)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक – जनावि/परीक्षा/22/ 39312 दिनांक – 10-10-2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है–

1. सभी अधिष्ठाता/सभी विभागाध्यक्ष।
2. प्राचार्य, सभी सम्बद्ध महाविद्यालय, जोधपुर संभाग।
3. निदेशक, कमला नेहरू महाविद्यालय/सायंकालीन अध्ययन संस्थान।
4. वित्त नियंत्रक/ विश्वविद्यालय अभियन्ता।
5. सभी सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी।
6. सचिव, छात्र सेवा मण्डल।
7. सभी वार्डन (छात्रावास)/चिकित्सा अधिकारी।
8. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव।
9. जन सम्पर्क अधिकारी/प्रभारी, ऑनलाईन।
10. परीक्षा विभाग की समस्त शाखाएँ।
11. एकल खिड़की।
12. सम्पादक राजस्थान पत्रिका/दैनिक भास्कर/दैनिक नवज्योति को प्रेषित कर लेख है कि जोधपुर संभाग में (जोधपुर, पाली, बाडमेर, जैसलमेर एवं जालोर जिले में) सशुल्क विज्ञप्ति प्रकाशित की जाये।

Forward to
1 Notice Board / website
2 Students Circulation
3 Ramesh Sharma

11.10.22

(संतोष आसेरी)
सहायक कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner